तस्करी: मथुरा में फिर पकड़ी गई बड़ी खेप, 30 लाख का गांजा जब्त

- बिना नम्बर की ईटोस कार में सात बोरियों में था 142 किलो गांजा
- 19 दिसम्बर को कोसीकला क्षेत्र में 63 किलो गांजा बंद बाडी के कंटेनर से किया गया था बरामद

मथुरा। नए साल की दस्तक से ठीक पहले शराब की तस्करी बढ़ जाती है। इस को देखते हुए पुलिस और आबकारी विभाग की टीमें सक्रिय हो जाती हैं। जगह जगह चेकिंग की जा रही है। हालांकि इस दौरान शराब से ज्यादा गांजा पकडा जा रहा है। तीन दिन के अंदर मथुरा में गांजे की दो बड़ी खेप पकड़ी गई है। 19 दिसम्बर को थाना कोसीकलां पुलिस टीम ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करों से 63 किलो गांजा जब्त किया था। पुलिस ने दो लोगों को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। गांजे की तस्करी एक बन्द बाडी कंटेनर ट्रक से की जा रही थी। 21 दिसम्बर को एक और बडी खेप पकडी गई। थाना हाईवे पुलिस एवं स्पेशल टास्क, रिवार्डिंड टीम ने दो अभियुक्तों को 142 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इस गांजे की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है। इस गांजे को पॉलीथिन के कचरे के बीच छुपा कर ले जाया जा रहा था। पॉलीथिन का भी वजन आठ किलो बैठा है। पॉलीथिन के कचरा बिना नम्बर की एक कार ईटोस में भरा हुआ था। कार के अंदर आठ बोरी थीं जिसमें सात बोरी में कुल 142 किलो गांजा था। जबकि एक बोरी में आठ किलो प्लास्टिक थी। पुलिस ने बिना नम्बर की ईटोस को असगरपुर तिराहा गोवर्धन रोड थाना हाईवे पर पकड़ लिया।

विशाखापट्टनम से डीग जा रहा था गांजा : मथुरा पुलिस को सूचना मिली कि एक कार बिना नम्बर इटोस के द्वारा भारी मात्रा में अवैध नशीले पदार्थ को विशाखापट्टनम से आगरा, मथुरा होकर परिवहन कर बिक्री के लिए डींग भरतपुर (राजस्थान) ले जाया जा रहा है। सामून अहमद पुत्र शमीम अहमद निवासी गांव कालन्द तहसील सरधना जिला मेरठ व सारिफ पुत्र नदीम खान निवासी जवाहर मोहल्ला पडपड गंज दिल्ली को पुलिस ने कार से गिरफ्तार कर लिया।

एमवीडीए ने बसने से पहले उजाडी एक और अवैध कॉलोनी

ग्राम बाटी में खेत की बाउंड्री कर विकसित की की जा रही थी अवैध कॉलोनी

मथुरा। जमीन की कीमत बढ़ने का असर जनपद भर में देखा जा रहा है। मुख्य मार्गों के किनारे शहर से गांवों तक जगह जगह लोग खेतों की बाउंड्री करा कर प्लाट काटने में जुटे हैं। वहीं एमवीडीए लगातार इस तरह के अवैध आवासीय परिसरों पर कार्यवाही कर रहा है। हालांकि इस कार्यवाही में तमाम उन लोगों का नुकसान हो रहा है प्लाट खरीद लेते हैं। एमवीडीए ने प्रदीप व अन्य द्वारा स्थल ग्राम बाटी एवं माघेरा छटीकरा से राधा कुंड रोड पर दाईं तरफ मगरिया वाले हनुमान जी मंदिर से पहले एक किलोमीटर छटीकरा राल रोड मथुरा थाना जैत मथुरा पर लगभग एक बीघा भूमि पर सड़क का निर्माण करके अवैध कॉलोनी विकसित किए जाने पर प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए निर्माण कर्ता को विकास कार्य बंद करते हुए अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस जारी किया गया निर्धारित अवधि में निर्माण कर्ता की उपस्थिति ना होने पर उक्त वाद में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गए सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को मजिस्ट्रेट डॉ कंचन गुप्ता अवर अभियंता सुनील राजोरिया प्रवर्तन दल एवं थाना जैत पुलिस बल की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। अवैध कॉलोनियों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सचिव, उपाध्यक्ष महोदय द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार निरंतर जारी रहेगी।

बाढ़ राहत अनुदान नहीं मिलने से नाराज किसानों का प्रदर्शन

मंसाछापर । बाढ़ राहत अनुदान नहीं मिलने से नाराज कटाई भरपुरवा गांव के किसानों ने शुक्रवार को प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। किसानों का आरोप है कि अनुदान देने में जिम्मेदारों की तरफ से भेदभाव किया जा रहा है। जिनका नुकसान नहीं हुआ है, उन्हें लाभ दिया गया है, जबकि पात्र को लाभ अभी तक नहीं मिल सका है।

प्रदर्शन कर रहे मुश्ताक, दिनेश, नागेंद्र, मैनुद्दीन, सनेही, जैनुद्दीन, किशोर आदि किसानों का आरोप है कि लेखपाल की तरफ से बाढ़ राहत अनुदान देने में भेदभाव किया गया है। जिन किसानों की पूरी फसल नुकसान हो गई वह अभी तक लाभ से वंचित हैं।

बाल अपचारी सहित तीन वाहन चोर गिरफ्तार, सस्ते दामों पर बेच देते थे चोरी के वाहन

अलीगढ़ । थाना टप्पल पुलिस टीम ने बाल अपचारी सहित तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की चार बाइक बरामद की हैं। तीनों शातिर चोरी के वाहनों को सस्ते दामों पर बेच देते थे।

लोगों को सस्ते दामों पर चोरी के वाहन बेचने वाले तीन चोरों को टप्पल पुलिस ने 20 दिसंबर को नगला बृजा की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। तीनों मथुरा, पलवल व अन्य जनपदों से वाहनों को चोरी करते थे। क्षेत्राधिकारी वरुण सिंह ने बताया है कि विष्णु पुत्र सतवीर निवासी ग्राम दहगांव कोसीकलां, रोहताश पुत्र छोटूराम निवासी ग्राम पहारी थाना भईन पलवल व एख बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया है।

तीनों के कब्जे से चार मोटरसाइकिल बरमाद की हैं। तीनों चोरी के वाहनों को नगला बृजा की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक खाली जगह में रखते थे। बरामद हुई बाइक मथुरा, पलवल व अन्य स्थानों की हैं। चोरी के इन वाहनों को शातिर लोगों को भ्रमित कर सस्ते दामों पर बेच देते थे।

मुनाफे का ऐसा लालच...नौकरी के साथ गवां दी जीवनभर की कमाई, दोस्त निकला दगेबाज

आगरा एजेंसी। आगरा के सदर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अधिक मुनाफे के चक्कर में दोस्तों पर भरोसा कर नौकरी छोड़ दी। दवाओं के व्यापार में उनके साथ शामिल होने के लिए 6.72 लाख रुपये दे दिए। आरोपियों ने जब व्यापार नहीं किया तो युवक ने रुपयों की मांग की। इस पर आरोपियों ने पिटाई कर जेब में रखे 7 हजार रुपये भी निकाल लिए। 3 लाख रुपये और देने की मांग कर डाली। तब से पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। मधुनगर निवासी रोहित पांडे मुकदमा दर्ज कराकर आरोप लगाया कि वह पहले उत्तराखंड में एक अंग्रेजी अखबार में नौकरी करते थे। एक साल पहले मधुनगर निवासी अमित शर्मा, संतोष शर्मा और सौरभ शर्मा ने उन्हें दवाओं को व्यापार कर अच्छे मुनाफे का लालच दिया। शाहगंज आरोपियों ने शाहगंज में अपने एक रिश्तेदार मयंक उपाध्याय से मिलाया। व्यापार में हिस्सेदारी देने के बहाने से 6.72 लाख रुपये मयंक को दिलवा दिए।

आरोपियों ने व्यापार शुरू नहीं किया। रकम वापस मांगी तो अमित मयंक के घर ले गया। उसके परिजन ने दो महीने में वापस देने का वायदा किया था। इसके बाद भी नहीं दिए। 8 नवंबर को बुलाकर जान से मारने की धमकी दी। 21 नवंबर को आरोपियों ने और 3 लाख रुपये की फोन कर मांग की।

मना करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो इनामी बदमाश गिरफ्तार किये

दोनों अभियुक्तों पर 25 हजार का इनाम घोषित था

मथुरा। थाना राया पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुठभेड़ के दौरान 25-25 हजार के इनाम घोषित दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल, एक लैपटॉप व दो तमंचा बरामद हुए हैं।

पुलिस की मुठभेड राया कट के किनारे कच्चे रास्ते के पास हुई। मुठभेड के बाद पुलिस ने पुष्पेंद्र चौधरी उर्फ बिट्टू पुत्र देवेंद्र सिंह उर्फ कलुआ ठेकेदार निवासी धर्मा वाली गली कस्बा व थाना राया व अंकित चौधरी पुत्र राजवीर सिंह उर्फ राजू निवासी गांव सारस थाना राया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान दोनो आरोपित पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्तों के दाहिने पैर में गोली लगी। जिन्हें घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल मथुरा में भर्ती कराया गया। इस घटना व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राया पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना राया अजय कौशल ने बताया कि दोनों अभियुक्त मथुरा व आसपास के जनपदों से मोटर साइकिल चोरी करके सस्ते दामों में बेच देते थे तथा सुनसान रास्तों पर आने जाने वाले व्यक्तियों से मोबाइल, पर्स, वाहन, नगदी आदि को मौका मिलने पर लूट लेते थे। पुष्पेन्द्र के खिलाफ थाना राया, मांट, कोसीकला, गोविंद नगर थाना पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना राया अजय कौशल, एसआई अभय शर्मा (स्वाट टीम प्रभारी), एसआई निशान्त पायल, एसआई कृष्ण कुमार थाना राया आदि शामिल थे।

रक्तवीर संस्था ने थैलीसीमिया से पीड़ित 30 बच्चों का मनाया जन्मोत्सव

वृंदावन स्थित चार संप्रदाय आश्रम में रक्तवीर संस्था ने आयोजित किया कार्यक्रम

मथुरा। गौरा नगर स्थित चार संप्रदाय आश्रम में रक्तवीर संस्था के द्वारा चतुर्थ थैलीसीमिया जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।जिसके अंतर्गत संस्था द्वारा थैलीसीमिया बीमारी से पीड़ित 30 बच्चों का जन्मदिन धूमधाम से केक काट कर मनाया गया।साथ ही उन्हें उपहार, खेल खिलौने व खाद्य सामग्री आदि वितरित की गई।इसी के साथ जिला अस्पताल के सहयोग से स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 8 महिलाओं सहित 25 रक्त वीरों ने थैलीसीमिया बच्चों के लिए रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ चार संप्रदाय आश्रम के महंत ब्रज बिहारी दास महाराज, डिप्टी सीएमओ भूदेव सिंह व डिप्टी सीएमओ अनुज वार्ष्णेय ने ठाकुरजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के किया। रक्तवीर संस्था के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल व गिरधर शर्मा ने कहा कि हमारी संस्था थैलीसीमिया बच्चों की सेवा के लिए कृत संकल्पित है। इसी के चलते संस्था के द्वारा प्रतिवर्ष उनका जन्मदिन मनाया जाता है।आज के दिन रक्तदान शिविर लगाकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। राजकीय जिला अस्पताल ब्लड बैंक से डॉ. पुलकिता व नेहा ने बताया कि थैलीसीमिया बच्चों तथा अन्य मरीजों के लिए रक्तवीर संस्था निरंतर रक्तदान शिविर लगा कर आम लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रही है। बहुत ही महत्वपूर्ण व सराहनीय कार्य है। शिविर के अंतर्गत लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल, विश्वनाथ गुप्ता व प्रमुख शिक्षाविद् अभय वशिष्ठ ने सभी थैलीसीमिया बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले डॉ. राधाकांत शर्मा, डॉ. तनवी दुआ, सोनिया अग्रवाल, सपना, जीतू, आशु, अमित मंडल आदि 30 लोगों को सुरेशचंद्र अग्रवाल, राजकुमार कपड़े वाले, गिरधारी अग्रवाल और आदित्य शर्मा ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर एवं पटुका ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पप्पू सिंह, अंजू जोशी, राजकुमार, रितिक अग्रवाल, पुनीत शुक्ला, आयुष अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, के.के. आशु आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति विशेष रही।

प्रदर्शन: अब सपाई भी उतरे सडक पर, किया प्रदर्शन

- कुछ सपाई कलेक्ट्रेट पहुंचे, कुछ को किया हाउस अरेस्ट
- शनिवार को गृह मंत्री की टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन का किया था ऐलान

मथुरा। गृह मंत्री की टिप्पणी के विरोध में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। सपा के प्रदर्शन की घोषणा के बाद प्रशासन ने सतर्कता बरती। गृह मंत्री अमित शाह की डा. बीआर अम्बेडकर पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में सपाइयों ने शनिवार को सड़क पर प्रदर्शन किया। शनिवार को समाजवादी पार्टी ने जिला मुख्यालय पर डीएम ऑफिस पहुंच कर धरना दिया इसके बाद सपा नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापा। प्रदेश सचिव ठाकुर किशोर सिंह, विभोर गौतम आदि ने सपा नेताओं पर लगाया कि पुलिस ने पहरा लगा दिया है। उनको घरों से बाहर निकलने नहीं दिया गया। सपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी आरोप लगाया कि उन्हें हाउस अरेस्ट किया गया और प्रदर्शन में जाने से रोक दिया गया। प्रदर्शन में अभिषेक यादव, अबरार हुसैन, रवि यादव, विभोर गौतम, मुन्ना मलिक, पवन चौधरी, सज्जन क्रांति, भगवती चतुर्वेदी, राघवेंद्र ठाकुर, नजर पहलवान, बादल राज बंसल, हरिओम यादव, नेत्रपाल सिंह, देवकीनंदन, मनीष आजाद, विभोर गौतम, शबनम कुरैशी, सीमा कारण, ऋषिकांत अग्निहोत्री, कोमल किशोर शर्मा, जय शर्मा, इमरान अब्बास, रणवीर धनगर, नरेश यादव, सुरेश यादव, रानु यादव, रमेश सैनी आदि उपस्थित थे।

प्रदर्शन के दौरान दिवंगत हुए कार्यकर्ता को दी कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

- शहर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले होलीगेट से विकास बाजार तक निकाला गया कैंडल मार्च

मथुरा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत पर शहर कांग्रेस कमेटी ने दुख जताया है। महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा की अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधान सभा घेराव कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज में घायल हुए गोरखपुर के युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात कुमार पांडेय की दुःखद मृत्यु पर शनिवार को श्रद्धांजलि देने के लिए होली गेट चौराहे से विकास बाजार स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला गया। महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि उत्तर प्रदेश में व्याप्त बढ़ती बेरोजगारी भ्रष्टाचार पीड़ित किसानों को युवाओं को छात्रों को महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए उनके हक की आवाज उठाने के लिए गोरखपुर से विधानसभा घेराव करने आए। लोकतंत्र में जिस तरह प्रदर्शनों पर तानाशाही सरकार कर रही है उसे यह प्रतीत होता है की सरकार डरी हुई है। कांग्रेस मांग करती है कि प्रभात कुमार पांडे के परिजनों को तत्काल एक करोड़ की मुआवजा धनराशि व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी आंदोलन की लिए बाध्य होगी। इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। कैंडल मार्च मोहन सिंह, अबरार कुरैशी, धनंजय चौधरी, कायम कुरैशी, दिनेश सैनी, मानवेंद्र पांडव, संजय पचौरी, मनोज गौड, शाहिद कुरेशी, चौधरी ओमवीर सिंह, विपुल पाठक, रमेश कश्यप, विवेक अग्रवाल, प्रदीप सागर, आशीष चतुर्वेदी, गुलाम मोहम्मद, महेश चौबे, संजीव शर्मा, पूरन सिंह, अनवर फारुकी, राजकुमार शर्मा, वरुण अरोड़ा, हर्ष चौरसिया, विनोद दिवाकर, रोहित कुमार, आशीष अग्रवाल, गिर्राज प्रसाद, विजय चतुर्वेदी, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

भूतेश्वर पर अस्थाई नाले का समाधान तलाश रहा नगर निगम

रेलवे ने तीसरी लेन के कार्य के चलते बंद कर दिया है नाला

मथुरा। रेलवे विभाग द्वारा भूतेश्वर रेलवे अंडरपास के ऊपर नवीन तृतीय रेलवे लाइन बिछाए जाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण रेलवे विभाग द्वारा अंडरपास से होकर नाले का डायवर्सन किया गया। नाले के पानी की निकासी न होने के कारण भूतेश्वर अंडरपास के नीचे जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। जल भराव होने की सूचना प्राप्त होने पर नगर आयुक्त शशांक चौधरी रात में ही मौके पर पहुंचे और प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया गया। रेलवे विभाग द्वारा अवरुद्ध किए गए नाले के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा रेलवे के अधिकारियों से वार्ता की गई। वार्ता उपरांत नगर आयुक्त द्वारा जलकल विभाग को निर्देशित किया गया कि रुके हुए नाले के पानी को पंप के माध्यम से निकटतम नाले में पहुंचाया जाए। स्थाई समाधान होने तक पंप 24 घंटे संचालित किए जाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त अवरुद्ध किए गए नाले का स्थाई समाधान किए जाने के लिए नवीन नाले का निर्माण किए जाने के दृष्टिगत निर्माण विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, मोहम्मद अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, अमरेंद्र गौतम प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल, शशांक सहायक अभियंता सिविल, महेश चंद क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, मुकेश शर्मा मुख्य सफाई निरीक्षक, मुनि देव अवर अभियंता सिविल, प्रतिभा अवर अभियंता जल आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नगर निगम ने कब्जा मुक्त कराई 8 करोड़ की जमीन

लोग बोले गोशाला बना रहे थे, निगम ने कहा कब्जे थी मंशा

मथुरा। नगर निगम गठन और विस्तार के बाद नगर निगम अपनी सरकारी जमीन को चिन्हित करने और उन्हें कब्जा मुक्त कराने में जुटा है। नगर निगम की ओर से लगातार इस तरह की कार्यवाही की जा रही हैं। नगर निगम की खाली पडी बेशकीमती जमीनों पर कब्जे के प्रयास भी हो रहे हैं। वृंदावन स्थित धोरेरा बांगर में मथुरा वृंदावन नगर की टीम ने नगर निगम की करीब 8 करोड़ रु की भूमि से अवैध निर्माण हटवाया है । यहाँ 3000 वर्ग मीटर जमीन खाली कराई गई। नगर आयुक्त शशांक चौधरी का कहना है कि निगम की जमीन पर कब्जा करने वालो के खिलाफ क़ानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी, कानूनगो गंगाराम, निगम की प्रवर्तन दल की ईटीएफ फोर्स और वृन्दावन कोतवाली से पुलिस फोर्स के साथ ग्राम धोरेरा बांगर पहुंची। जहाँ गाटा संख्या 273 बंजर की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से बाउण्ड्री वॉल बनाकर गौशाला के रूप में कब्जा कर लिया था। पुलिस बल के साथ पहुंची टीम ने बाउंड्री वॉल ध्वस्त कर दी। निगम के बोर्ड भी लगा दिए गए। अवैध कब्जा करने वाले व्यक्ति केदार सिंह पुत्र गंगाराम राघवेंद्र शर्मा पुत्र भगवान स्वरूप शर्मा बताये जाते है ।